दिव्य हिमाचल
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

# हिमाचल में नकली API सप्लाई रैकेट का भंडाफोड़, उत्तराखंड तक फैला था नेटवर्क, तीन गिरफ्तार



**बीबीएन।** हिमाचल प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दवा नियंत्रण प्रशासन और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की संयुक्त टीम ने सक्रिय औषधि घटकों (API) की अवैध आपूर्ति में लिप्त एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह थोक दवा व्यापार की आड़ में मरीजों की सेहत से खिलवाड़ कर रहा था। विशेष खुफिया सूचना के आधार पर अधिकारियों ने पांवटा साहिब बस स्टैंड के समीप स्थित एक लाइसेंसी गोदाम में छापा मारा। यह गोदाम 25 दिसंबर 2028 तक वैध लाइसेंस प्राप्त था। तलाशी के दौरान दो प्रकार की एपीआई—थायोकॉल्चीकोसाइड और एज़िथ्रोमाइसिन—बरामद की गईं, जिनके नकली अथवा मानक से घटिया होने की आशंका जताई गई है।

Source: https://www.divyahimachal.com/2025/07/fake-api-supply-racket-busted-in-himachal-network-spread-to-uttarakhand-3-arrested/